**<u>विश्व हिंदी दिवस समारोह 2017</u>** : भारी पानी संयंत्र, बड़ौदा में दिनांक 30 जनवरी 2017 को विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सी.शेषसाई, निदेशक (तकनीकी), भारी पानी बोर्ड, मुंबई और श्री महेशानंद जोशी, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) पऊवि, मुंबई मुख्य वार्ताकार के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने क्रमश: "**त्रि-चरणीय नाभिकीय कार्यक्रम में <u>भारी पानी बोर्ड की भूमिका</u>** " तथा "**<u>हिंदी का क्रमिक विकास''</u>** विषय पर रोचक और सारगर्भित व्याख्यान दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री वी.के.एम. पार्थिबन, मुख्य महाप्रबंधक, भापासं, बड़ौदा ने की । इस अवसर पर सभी वरिष्ठ अधिकारीगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शेषसाई एवं श्री जोशी द्वारा संयंत्र के द्वितीय न्यूजलेटर का विमोचन भी किया गया ।

इसके पूर्व 10 जनवरी 2017 को संयंत्र में अग्निशमन प्रणालियां एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर दो वार्ताओं का आयोजन किया गया जिन्हें क्रमश: श्री मुकेश जोशी, स्टेशन आफिसर एवं श्री जी.आर. जनसारी, संरक्षा अधिकारी ने प्रस्तुत किया ।








